	जनसम्पर्क विभाग केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज	

दिनांक : 19/03/2026

प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में दिनांक 19.03.2026 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा पर्याप्त सुविधाएं और छूट प्रदान की गई हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे दैनिक कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें तथा संकोच को त्यागकर सहज रूप से हिंदी में कार्य करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 3(3) के प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है और ई-ऑफिस सहित सभी कार्य हिंदी में सरलता से किए जा सकते हैं।

महाप्रबंधक महोदय के सम्बोधन से पूर्व, मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. संजय सिंह नेगी ने सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन में हिंदी के प्रयोग-प्रसार में निरंतर प्रगति हो रही है, तथापि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ण प्राप्ति हेतु सतत प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि संगठन में धारा 3(3) का अनुपालन संतोषजनक है तथा मूल पत्राचार में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी के उपयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

बैठक में मुख्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संपर्क अधिकारी (राजभाषा) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य-सचिव श्री बृजेश चौधरी द्वारा किया गया।

(विमल कुमार)
जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज